प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह
कुलपति
**Prof. Arun Kumar Singh**
**Vice Chancellor**


***Ref. No. ABVMU/VC/ 75 /2020***
दिनाँक : 11.08.2020

## अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय (ABVMU), लखनऊ हेतु 'लोगो' (LOGO) के चयन एवं सूक्ति (SLOGAN) सृजन के सम्बन्ध में

### 1- संक्षिप्त परिचय : अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ

दिनाँक 25 दिसम्बर 2019 को माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के करकमलों द्वारा पूर्व प्रधानमन्त्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में "अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ" की आधारशिला रक्खी गयी। इसका गठन उत्तर प्रदेश की 2018 की अधिनियम 42 द्वारा स्थापित किया गया है जोकि उत्तर प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों की प्रमाणिकता प्रदान करेगा। जिसमें 17 सरकारी मेडिकल कालेज, 17 प्राइवेट मेडिकल कालेज व 16 प्राइवेट डेन्टल कालेज सम्बद्ध होंगें। साथ ही लगभग 300 नर्सिंग तथा पैरामेडिकल संस्थान भी सम्बद्ध होंगें। एक समान पारदर्शी चिकित्सा शिक्षा इस चिकित्सा विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर इस चिकित्सा विश्वविद्यालय का अस्तित्व चिरकालिक रहेगा। इतने वृहत्त चिकित्सा विश्वविद्यालय का निर्माण भविष्य में चिकित्सा शिक्षा प्रणाली में भारत को अग्रणी करेगा।

अतः लोगो डिजाइन व सूक्ति का सृजन इस प्रकार से किया जाये जो भारतीय चिकित्सा शिक्षा पर केन्द्रित हो और सूक्ति संस्कृत में रचित (हिन्दी में स्पष्ट भावार्थ के साथ प्रेषित की जाये) हो।

### 2- लोगो की डिजाइन व सूक्ति सृजन में जनसाधारण एवं ग्राफिक डिजाइनर की सहभागिता

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के लोगो की डिजाइन व सूक्ति सृजन में जनता एवं ग्राफिक डिजाइनर की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु दिनाँक 31 अगस्त 2020 तक जनसाधारण से लोगो व सूक्ति सृजन के प्रस्ताव मांगे गये। यह डिजाइन व सूक्ति ई-मेल **logoforabvmuup@gmail.com** पर प्राप्त किये जायेंगें। कोई भी डिजाइन व सूक्ति इस चिकित्सा विश्वविद्यालय के कार्यालय में प्राप्त नहीं किये जायेंगें। Logo file (coloured) 1 MB से 2 MB के मध्य होनी चाहिए। साथ ही अपना नाम, पता, मोबाईल न०, ईमेल एड्रेस तथा एक अन्डरटेकिंग जो बिन्दु ३ मे वर्णित है, देनी होगी ।

**सर्वोत्तम डिजाइन हेतु पुरस्कार**

- सर्वोत्तम लोगो डिजाइन - ₹ 20,000/- (रू. बीस हजार मात्र)
- सूक्ति सृजन - ₹ 8,000/- (रू. आठ हजार मात्र)
- Short listed प्रथम पाँच लोगो(Logos) व Short listed प्रथम तीन सूक्तियों ( Slogons) को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

नोट : यदि एक जैसी डिजाइन व सूक्ति की प्राप्त होने पर पुरस्कार की धनराशि में समान बंटवारा किया जायेगा।

**3- लोगो डिजाइन व सूक्ति सृजन में एकाधिकार**

लोगो डिजाइन व सूक्ति सृजन प्राप्त हो जाने के बाद डिजाइन व वाक्य में परिवर्तन/संशोधन का अधिकार केवल अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ का होगा। प्रतिभागी द्वारा प्रेषित प्रविष्टि अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को प्राप्त हो जाने के उपरान्त चुने हुए लोगो व सूक्ति पर कॉपीराइट स्वचालित रूप से विश्वविद्यालय को हस्तांतरित हो और प्रतिभागी को इस पर कोई दावा नहीं कर सकता है।

ईमेल के साथ Undertaking : ''यदि मेरा लोगो अथवा सूक्ति चयनित की जाती है तो मेरा उसपर कोई copyright या अधिकार नही होगा।''

**4- लोगो व सूक्ति चयन हेतु दिशा-निर्देश (Guidelines)**

लोगो व सूक्ति चयन में मुख्य रूप से निम्न मापदण्ड अपनाये जायेंगें :

(क) लोगो व सूक्ति की विशिष्टता (Uniqueness)

(ख) लोगो व सूक्ति की मौलिकता (Originality)

(ग) सरल अभिकल्प (Simplicity in design and sentence)

(घ) प्रस्तुति/संदेश की स्पष्टता (Explicit in Presentation/Conveying message)

(ड़) विभिन्न माध्यमों जैसे स्टेशनरी, होर्डिंग, बैनर-पोस्टर इत्यादि में प्रयुक्त (Reproducible in various mediums like stationary, hoarding, banner, poster, painting etc.)

(डा. ए.के. सिंह)
कुलपति
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ